**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024: सीएमडी ने कॉर्पोरेट सुशासन में उत्कृष्टता का आहवान किया

नई दिल्ली, 1 नवंबर 2024



भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज अपने पंजीकृत कार्यालय में समापन समारोह के साथ अपने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 का समापन किया। इस कार्यक्रम में इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास और मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री अजय कुमार साहनी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के संयुक्त सचिव, श्री नितिन कुमार इस समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।



इरेडा के सीएमडी, श्री दास ने निवारक सतर्कता के बारे में इरेडा की अग्रणी पहलों पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि इरेडा वर्ष 2021 में व्हिसल ब्लोअर पोर्टल लॉन्च करने वाला पहला सीपीएसई था। उन्होंने वर्ष 2022 के दौरान इरेडा के 'शिकायत पोर्टल' लॉन्च करने के बारे में भी जोर दिया, जिससे पारदर्शिता बढ़ी और शिकायत निवारण सुव्यवस्थित हुआ। उन्होंने सभी कर्मचारियों को उच्च नैतिक मानकों को बनाए रखने और कॉर्पोरेट सुशासन में उत्कृष्टता के लिए इरेडा की प्रतिबद्धता के लिए योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

श्री नितिन कुमार ने केंद्रीय सतर्कता आयोग की भूमिका के बारे में जानकारी दी और निवारक एवं दंडात्मक सतर्कता के माध्यम से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए निवारक सतर्कता के महत्व

के बारे में ज़ोर दिया। इरेडा की आंतरिक सतर्कता पत्रिका ‘पहल’ का नवीनतम संस्करण का इरेडा के सीएमडी, सीवीसी के संयुक्त सचिव और इरेडा के सीवीओ द्वारा विमोचन  किया गया, जिसमें सतर्कता जागरूकता और सत्यनिष्ठा  को बढ़ावा देने के लिए इरेडा की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाया गया। 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक मनाए जाने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान इरेडा कर्मचारियों के बीच सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कार्यशालाएं, सेमिनार और प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।